## सिटी ब्रीफ

### पोल टूटने से 20 घंटे आपूर्ति रही बाधित

**बरेली, अमृत विचार :** शहर और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार देर रात से लगातार बिजली आपूर्ति बाधित रहने से उपभोक्ताओं में आक्रोश फैल गया। टीपीनगर में पोल टूटने के कारण 20 घंटे तक बिजली गुल रही। किला, कुतुबखाना, डीडीपुरम, सनसिटी, राजेन्द्र नगर और कोहाड़ापीर उपकेंद्रों से जुड़े इलाकों में कहीं एक फेस गायब होने तो कहीं वोल्टेज कम और ज्यादा होने की शिकायतें दर्ज की गईं। कई स्थानों पर पोल से आपूर्ति खराब होने और तार टूटने की घटनाएं भी सामने आईं। इससे जलापूर्ति व घरेलू कार्य बाधित हो गए। विद्युत विभाग के अनुसार फॉल्ट की मरम्मत के लिए टीमें लगाई गई हैं, हालांकि देर शाम तक कई स्थानों पर आपूर्ति पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी थी। टीपी नगर क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बिजली का पोल टूट जाने के कारण आपूर्ति बाधित हुई। रामगंगानगर क्षेत्र में दिनभर ब्रेकडाउन की स्थिति बनी रही।

## शहर में आज

- श्री श्याम श्यामा रसिक परिवार की ओर से श्रीमद् भागवत कथा श्री हरि मंदिर में शाम 5 से 9 बजे तक।
- बरेली कॉलेज में नीट का आयोजन सुबह 11 से शाम 5 बजे तक।
- सुधांशु महाराज के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर भारत माता मंदिर राजेन्द्र नगर में सुबह 8 :30 बजे से।
- इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, बोग्स एवं वामा सारथी महिला कल्याण समिति के सहयोग से महिला वेलफेयर हेल्थ केयर कार्यक्रम पुलिस लाइन सभागार में दोपहर 2 बजे।

# सैकड़ों तबादलों पर निगम में रार, मेयर-स्वास्थ्य अधिकारी में खिचीं तलवार

- 200 सफाईकर्मियों को इधर से उधर करने से मेयर नाराज
- एससी आयोग के सदस्य कठेरिया ने भी जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम में 200 सफाई कर्मचारियों के तबादले किए जाने को लेकर घमासान मच गया है। पांच वार्ड की सफाई व्यवस्था ठेके पर दिए जाने के बाद इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारी इधर से उधर किए जाने को लेकर मेयर डॉ. उमेश गौतम ने मनमानी बताते हुए सवाल उठाते हुए पत्र दौड़ा दिए हैं। ट्रांसफर मामले में एससी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया भी नाराज बता जा रहे हैं।



डा. उमेश गौतम।



उमेश कठेरिया। ● अमृत विचार

मेयर का कहना है कि आयोग सदस्य व राष्ट्रीय सफाई संघ के प्रदेश महामंत्री उमेश कठेरिया की बात भी नहीं मानी गई। जब उन्होंने इसे लेकर निर्देश दिए, तो भी मनमनी की गई। उन्होंने नगरायुक्त को पत्र लिख स्वास्थ्य अधिकारी की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। मेयर डॉ. गौतम ने बताया कि पांच वार्डों में सफाई व्यवस्था ठेके पर किए जाने के बाद यहां तैनात कर्मचारियों को दूसरे जगह भेजने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.भानु प्रकाश ने मर्जी से ट्रांसफर लिस्ट जारी कर दी, जो सीधे तौर पर अनुशासनहीनता है। दूसरी ओर, सफाई कर्मचारियों ने भी नगर स्वास्थ्य अधिकारी पर तानाशाही रवैय्या अपनाने का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है। सफाई संघ ने उनके ही तबादले की मांग उठा दी है। वहीं, नगर स्वास्थ्य नियम के तहत भी तबादले की बात कह रहे हैं। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. भानु प्रकाश ने पूरी प्रक्रिया नियम के तहत होने की बात कही है।

> कुछ समय पहले शहर के पांच वार्डों की सफाई ठेके पर दी गई थी। इसके बाद यहां तैनात सफाई कर्मचारियों को दूसरी जगह शिफ्ट करना था। इनमें कुछ लोगों को दूसरे वार्ड में भेजने के लिए कहा गया था, लेकिन नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने निर्देश नहीं माने। फोन पर जानकारी ली तो अपर नगर आयुक्त के पाले में गेंद डाल दी गई।
>
> **- डा. उमेश गौतम,** मेयर

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर हटाने की उठाई मांग

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने बिजली विभाग से स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि ये मीटर पुराने मीटरों की तुलना में लगभग दोगुना बिल बना रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। परेशान लोग लगातार बिजली विभाग में शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।

# पाइप लाइन कटने से हजारों परिवार घंटों पीएनजी को तरसे

## सीबीगंज औद्योगिक क्षेत्र में बगैर अनुमति खुदाई की वजह से बाधित हुई गैस की सप्लाई

- पाइपलाइन बिछा रही कंपनी पर कार्रवाई की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बिना अनुमति के मनमानी खुदाई शहर के लिए कितनी भारी पड़ सकती है, इसका नमूना शनिवार सुबह सीबीगंज में देखने को मिला। औद्योगिक क्षेत्र में बिना अनुमति के तेल पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया। इस दौरान अंधाधुंध चल रही एचडीडी मशीन ने सीयूजीएल की हाई प्रेशर पीएनजी (पाइप नेचुरल गैस) की मुख्य पाइपलाइन को काट दिया। जिससे सुबह साढ़े आठ बजे जब घरों में लोग दफ्तर जाने की तैयारी में थे और रसोइयों में नाश्ता बन रहा था, तभी अचानक गैस गायब हो गई। इससे सीबीगंज, आनंद विहार, स्वाले नगर, ग्रीन सिटी, कर्मचारी नगर, सिद्धार्थ नगर, रजा कालोनी, कृष्णा काउंटी, वसंत विहार, परतापुर जीवन सहाय आदि इलाकों के तीन हजार से अधिक उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ा। सीयूलीएल प्रबंधन ने कहा कि सुबह फाल्ट की जानकारी मिलते ही इंजीनियरों ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। दोपहर ढाई बजे यानी करीब छह घंटे बाद गैस की आपूर्ति बहाल हो सकी, तब कहीं जाकर प्रभावित घरों की रसोइयों में दोबारा चूल्हे जल पाए। सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड अब संबंधित कंपनी के खिलाफ बिना अनुमति कार्य करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।



पीएनजी लाइन ठीक करती सीयूजीएल की टीम। ● अमृत विचार



सुबह साढ़े आठ बजे का समय रसोई के लिए सबसे कीमती होता है। बच्चे स्कूल के लिए तैयार थे कि अचानक गैस बंद हो गई। न चाय बन सकी, न परांठे। बिना बताए खुदाई करने वाली कंपनियों पर सख्त जुर्माना लगना चाहिए ताकि वे दोबारा ऐसी लापरवाही करने की हिम्मत न करें।

**- जूही अग्रवाल,** न्यू शक्ति नगर कालोनी



सुबह का नाश्ता तो जैसे-तैसे चल गया, लेकिन दोपहर के खाने की चिंता सताने लगी थी। ढाई बजे सप्लाई आई, तब कहीं जाकर दाल-चावल बन पाए। पाइपलाइन कटना आए दिन की बात हो गई है। खुदाई करने वालों को पता ही नहीं होता कि नीचे गैस की लाइन है या पानी की। यह बहुत ही खतरनाक लापरवाही है।

**- त्रिवेनी देवी-** सिद्धार्थ नगर



हम पूरी तरह पीएनजी पर निर्भर हैं, घर में कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं थी। सुबह पति ऑफिस जाने को तैयार थे, बिना नाश्ते के ही जाना पड़ा। सात घंटे तक गैस न आना किसी सजा से कम नहीं था। दोपहर का खाना भी देरी से बना। प्रशासन को चाहिए कि ऐसी खुदाई से पहले सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित कराए।

**- सुनैना,** सिद्धार्थनगर



सुबह-सुबह गैस सप्लाई बंद होने से पूरा रूटीन बिगड़ गया। जब मैंने सीयूजीएल को फोन किया तो पता चला कि खुदाई के दौरान लाइन कट गई है। यह जानकर हैरानी हुई कि बिना किसी सूचना के इतनी बड़ी मशीन चला दी गई। गनीमत रही कि आग नहीं लगी, वरना औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी त्रासदी हो सकती थी।

**- चंद्र सेन गंगवार,** सिद्धार्थनगर




सरकार का कहना है कि जिनके पास पाइप लाइन वाली गैस है, उनको एलपीजी सिलेंडर सरेंडर करना होगा, लेकिन जरूर यही है कि आपूर्ति का संकट न हो। यह जानकर हैरानी हुई कि बिना किसी सूचना के इतनी बड़ी मशीन चला दी गई। गनीमत रही कि आग नहीं लगी। सुरक्षा मानकों का मजाक बना दिया गया है।

**-मुकेश सक्सेना,** कर्मचारी नगर



दफ्तर के लिए निकलना था। बिना खाए ही ऑफिस जाना पड़ा। वहां भी दोपहर तक कैंटीन के भरोसे रहना पड़ा। समय की बर्बादी के साथ-साथ यह आर्थिक नुकसान भी है। बिना परमिशन हाई-प्रेशर पाइपलाइन के पास खुदाई करना बड़ी दुर्घटना को न्योता देना है। जिम्मेदार कंपनी पर कार्रवाई होनी ही चाहिए। **-अब्दुल अंसारी,** बैंक कर्मी, रजा कालोनी

## चांद नजर आया...



दो दिन मौसम के उतार-चढ़ाव और बदलों की लुकाछिपी के बीच शनिवार रात 8.30 बजे नारंगी रंग में चांद नजर आया। हरदीप सिंह टोनी

# रेलवे की खाली जमीनों का होगा व्यावसायिक उपयोग

- कॉम्प्लेक्स निर्माण के साथ पार्किंग की व्यवस्था विकसित की जाएगी
- सर्वे और रिकॉर्ड सत्यापन का काम तेज, इंजीनियरिंग विभाग करेगा पैमाइश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर के भीतर वर्षों से खाली पड़ी रेलवे की बेशकीमती जमीनों को अब व्यावसायिक उपयोग में लाने की तैयारी शुरू हो गई है। उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे इन भूखंडों को निजी एजेंसियों को लीज पर देकर राजस्व बढ़ाने की योजना बना रहा है। बरेली समेत कई स्थानों पर जमीनों का सर्वे और रिकॉर्ड सत्यापन का कार्य तेज कर दिया गया है।

बरेली जंक्शन के सुभाषनगर सेकेंड एंट्री क्षेत्र में खाली जमीन चिह्नित की गई है। यहां कॉम्प्लेक्स निर्माण के साथ पार्किंग की व्यवस्था भी विकसित की जाएगी। इसके अलावा चौपुला और बरेली सिटी स्टेशन के आसपास भी बड़े भूखंड खाली पड़े हैं, जिन्हें विकसित करने की योजना है। मुख्य मार्गों से लगी कुछ रेलवे कॉलोनियों में भी खाली जमीन का व्यावसायिक उपयोग प्रस्तावित है।

इज्जतनगर मंडल के मॉडल टाउन, शहदाना, जनकपुरी और कुदेशिया क्षेत्रों में कई हेक्टेयर जमीन पर अवैध कब्जे की स्थिति भी सामने आई है। इन जमीनों को मुक्त कराकर व्यावसायिक उपयोग में लाया जाएगा। बड़े भूखंडों को रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) को सौंपा जाएगा, जबकि स्टेशन और बाजार से सटी जमीनों पर कॉमर्शियल विभाग खुद परियोजनाएं विकसित करेगा। चीफ कॉमर्शियल इंस्पेक्टर मोहम्मद इमरान खान के अनुसार सुभाषनगर सेकेंड एंट्री पर कॉम्प्लेक्स निर्माण की योजना प्राथमिकता में है। इंजीनियरिंग विभाग के पैमाइश के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। रेलवे को उम्मीद है कि इस पहल से खाली जमीनों से भी बेहतर राजस्व प्राप्त होगा।

# नई फर्म होगी ब्लैकलिस्ट, पुरानी एजेंसी ही चलाएगी एबीसी सेंटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिए नगर निगम ने एबीसी सेंटर के संचालन के लिए फिलहाल पुरानी एजेंसी को ही जिम्मेदारी देना का फैसला लिया है। कार्यदायी संस्था 'संतुलन जीव कल्याण फर्म' को पिछले दिनों अंतिम नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर आवश्यक दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। ऐसा न करने पर अनुबंध निरस्तीकरण की कार्रवाई की बात कही, लेकिन, अब तक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। ऐसे में तय किया गया है कि पुरानी एजेंसी को ही कुछ समय का ठेका देकर फिर से नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया अपनाकर नई फर्म का चयन किया जाएगा। फिलहाल, पुरानी एजेंसी को दो हजार कुत्तों के बधियाकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सीबीगंज के नदौसी में 1.40 करोड़ की लागत से एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर का निर्माण कराया गया है। उत्तराखंड की फर्म संतुलन जीव कल्याण फर्म को इसके संचालक का ठेका दिया गया था। नगर निगम की ओर से फर्म को कई बार नोटिस भेजे गए, लेकिन लंबी अवधि बीतने के बावजूद फर्म ने अब तक धरातल पर कोई कार्य शुरू नहीं किया है। पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह ने बताया कि एजेंसी को बीते माह अंतिम अवसर देते हुए नोटिस जारी किया था। जिसमें चेतावनी जारी की गई थी कि अगर एक सप्ताह के भीतर संतोषजनक जवाब और दस्तावेज नहीं मिले तो नियमानुसार फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने बताया कि शहर में कुत्तों के बढ़ते आतंक को देखते हुए पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि जब तक किसी नई एजेंसी का चयन नहीं हो जाता, तब तक पुरानी फर्म को ही जिम्मेदारी दे दी जाएगी।




- आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक के चलते लिया गया फैसला
- पुरानी एजेंसी को कुत्तों के बधियाकरण की सौंपी जिम्मेदारी

### दो फ्लाईओवर पर जल्द खत्म होगा हादसों का डर

**बरेली, अमृत विचार :** शहर की लाइफलाइन माने जाने वाले चौपुला स्थित अटल सेतु और सेटेलाइट फ्लाईओवर पर सफर अब और अधिक सुरक्षित होने जा रहा है। पीडब्ल्यूडी ने दोनों फ्लाईओवरों पर व्यू कटर लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के साथ ठेकेदारों का चयन कर लिया है। अधिकारियों का दावा है 15 मई से व्यू कटर लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

अटल सेतु पर व्यू कटर लगाने का जिम्मा सीतापुर की एक प्रतिष्ठित फर्म को मिला है, जबकि सेटेलाइट फ्लाईओवर पर यह काम बरेली की ही एक स्थानीय फर्म की ओर से किया जाएगा। अटल सेतु पर व्यू कटर न होने से यहां हमेशा हादसों का डर बना रहता था। अब करीब 1.81 करोड़ की लागत से इसे सुरक्षित किया जाएगा। वहीं, सेटेलाइट बस अड्डे के पास बने फ्लाईओवर और उसकी जर्जर सर्विस रोड के कायाकल्प के लिए भी 1.39 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एक्सईएन भगत सिंह के अनुसार इन व्यू कटर के लग जाने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी और सफर सुरक्षित रहेगा।

# बांद्रा-गोरखपुर के बीच स्पेशल ट्रेन का संचालन कल से होगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गर्मी के मौसम में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने बांद्रा टर्मिनस से गोरखपुर के बीच एक जोड़ी अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन लंबी दूरी के यात्रियों, खासकर मजदूरों और सामान्य श्रेणी में सफर करने वालों के लिए राहत पहुंचाएगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि 09157 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर अनारक्षित विशेष ट्रेन तीन मई को रात 00:30 बजे बांद्रा टर्मिनस से रवाना होगी। यह ट्रेन बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, भरतपुर, मथुरा, हाथरस, कासगंज, बरेली सिटी, इज्जतनगर, पीलीभीत, सीतापुर, गोण्डा, बस्ती और खलीलाबाद जैसे प्रमुख स्टेशनों से होते हुए अगले दिन शाम 5:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में 09158 गोरखपुर-बोरीवली टर्मिनस अनारक्षित विशेष ट्रेन 4 मई को रात 8:30 बजे गोरखपुर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन लगभग उन्हीं स्टेशनों से होकर गुजरते हुए तीसरे दिन सुबह 11:30 बजे बोरीवली पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए जाएंगे। जिनमें 18 सामान्य अनारक्षित डिब्बे, एक एलएसएलआरडी और एक एलडब्ल्यूएलआरआरएम कोच शामिल है। इस विशेष ट्रेन के संचालन से गर्मी के दौरान यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी और यात्रा अधिक सुगम बनेगी।

### प्रताप नगर से लालकुआं साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलेगी

**बरेली, अमृत विचार :** रेल प्रशासन ने प्रताप नगर से लालकुआं के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन रविवार से 28 जून तक प्रत्येक रविवार (प्रताप नगर से) और प्रत्येक सोमवार (लालकुआं से) कुल 18 फेरों के लिए संचालित की जाएगी। 09119 प्रताप नगर-लालकुआं सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष ट्रेन रविवार को शाम 5 बजे प्रताप नगर से रवाना होकर बड़ोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, कोटा, बरेली होते हुए अगले दिन दोपहर 12 :45 बजे लालकुआं पहुंचेगी। वापसी में 09120 लालकुआं-प्रताप नगर ट्रेन सोमवार को दोपहर 3 :50 बजे लालकुआं से चलकर बरेली, बदायूं, कासगंज, बड़ोदरा के रास्ते अगले दिन सुबह 11 :30 बजे प्रताप नगर पहुंचेगी। इस विशेष ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए जाएंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि यह ट्रेन गर्मी के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने में मददगार साबित होगी।

## अजब कहानी

### स्मार्ट सिटी के तहत 15 .62 करोड़ खर्च कर बनाई गईं चार पार्किंग, गलत लोकेशन की वजह से नहीं मिल पाया लाभ

# करोड़ों खर्च कर मल्टीलेवल पार्किंग बनाईं, काम बिल्कुल न आईं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर को जाम से मुक्ति दिलाने का सपना दिखाकर 15.62 करोड़ रुपये से बनाई गई मल्टीलेवल पार्किंग सफेद हाथी बनकर रह गई हैं। तीन साल बीत जाने के बाद भी चार में से तीन पार्किंग के ताले तक नहीं खुल सके हैं, क्योंकि कोई भी फर्म घाटे का सौदा समझकर इनका ठेका लेने को तैयार नहीं है। पार्किंग की विफलता की सबसे बड़ी वजह इनका गलत लोकेशन पर होना माना जा रहा है।

संजय कम्युनिटी हॉल, गांधी उद्यान और डीडीपुरम जैसी जगहों पर बिना किसी ठोस सर्वे के पार्किंग खड़ी कर दी गईं। आलम यह है कि गांधी उद्यान में आने वाले लोग सड़क किनारे कारें खड़ी करना पसंद करते हैं, जबकि करोड़ों की पार्किंग परिसर के भीतर सन्नाटा पसरा रहता है। डीडीपुरम में भी यही हाल है, मुख्य बाजार से दूरी और पहुंच मार्ग की दिक्कतों के कारण वाहन चालक वहां जाने से कतराते हैं। केवल घंटाघर स्थित पार्किंग आंशिक रूप से चल रही है, जिसे मजबूरी में स्मार्ट सिटी के अधिकारी खुद संचालित कर रहे हैं। कुल मिलाकर, 15 करोड़ से अधिक का यह प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी के दावों की पोल खोलने के साथ-साथ संसाधनों की बर्बादी का प्रतीक बन गया है।



गांधी उद्यान के पास मल्टीलेवल पार्किंग में नहीं दिखे वाहन। ● अमृत विचार



मोती पार्क स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में खड़े वाहन। ● अमृत विचार

- चार में से केवल घंटाघर पार्किंग ही आंशिक रूप से संचालित
- घाटे के डर से फर्म पार्किंग चलाने का ठेका लेने को तैयार नहीं



> मल्टीलेवल पार्किंग का शत प्रतिशत उपयोग में लाने के लिए प्रयासरत है। गांधी उद्यान और घंटाघर पर बने पार्किंग में लोग वाहन भी खड़े कर रहे हैं। जहां-जहां मल्टीलेवल पार्किंग हैं, उसके आसपस रोड पर खड़े होने कारों पर कार्रवाई के लिए जल्द एसपी ट्रैफिक के साथ मिलकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-संजीव कुमार मौर्य,** नगर आयुक्त

## आंकड़े एक नजर में

- **84** कार पार्किंग की सुविधा है मोती पार्क की मल्टी लेवल पार्किंग में
- **4** चार स्थानों पर शहर में बनाई गई है मल्टी लेवल पार्किंग
- **40** कार पार्क की जा सकती हैं संजय कमेटी हॉल की मल्टी लेवल कार पार्किंग में

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★ पतले-दुबले
★ गाल पिचके
★ कमजोर स्त्री-पुरुष
★ मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
10 मई 2026, रविवार
24 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

### नामजद एफआईआर होने के बाद हिस्ट्रीशीटर ऋषिपाल सिंह गुट रायपुर हंस से गायब, विवाद के चलते कई और भी भूमिगत

# दुश्मन-दोस्त या कातिल कोई और, हत्याकांड की कहानी घूमी कई ओर

कार्यालय संवाददाता, बरेली




**अमृत विचारः** चर्चित गांव रायपुर हंस में लव मैरिज को लेकर अदावत और तनातनी के बीच युवती के चाचा इंद्रपाल सिंह की हत्या में पुलिस फिलहाल उलझी नजर आ रही है। मृतक पक्ष की ओर से नामजद एफआईआर दर्ज कराने से पहले ही हिस्ट्रीशीट ऋषिपाल सिंह गुट भूमिगत हो गया है। कई ऐसे लोग भी गायब हो गए हैं, जिनका मृतक से कभी विवाद हुआ था। घटना के सिलसिले में मृतक के करीबी दोस्त के अलावा प्रधान व पोस्टमैन के पुत्र सहित कई लोगों से पुलिस ने लंबी पूछताछ की है। अफसर कई एंगिल पर जांच की बात कह रहे हैं, हालांकि मर्डर मिस्ट्री और कातिल कौन को लेकर उठ रहे सवालों के जवाब अभी किसी के पास नही हैं।

हत्याकांड का शिकार हुए इंद्रपाल सिंह की भतीजी स्वाति और गांव के हिस्ट्रीशीटर ऋषिपाल सिंह के पुत्र विकास की लव मैरिज से दोनों गुटों के बीच पैदा हुई रंजिश की बात किसी से छिपी नहीं थी। मारे गए इंद्रपाल भी दबंग छवि के थे और उनके खिलाफ पुलिस रिकार्ड में 10 मुकदमे दर्ज चल रहे थे। जेल भी हो चुकी थी। जमानत पर छूटकर आए थे। हाल में इंद्रपाल ने कुछ जमीन भी बेची थी, जिसका बहुत पैसा मिला था। ऐसे हालात में जिस तरह सुनियोजित तरीके से उनको सोते में गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतारा गया, उसे लेकर कई सवाल पैदा हो रहे हैं। इंद्रपाल की गोली मारकर हत्या के बाद गांव में तनाव बढ़ गया है। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इसके साथ की गांव से वो लोग भी भाग गए है जिनसे इंद्रपाल का विवाद हुआ था।

रायपुर हंस गांव में आपसी रंजिशों के चलते लगातार लोगों की हत्याएं हुई हैं। इंद्रपाल की हत्या से गांव में तनाव बढ़ गया है। मृतक पक्ष ने इंद्रपाल की हत्या को लेकर हिस्ट्रीशीटर ऋषिपाल सिंह के साथ उसके तीन बेटे सर्वेश, संगम, विकास और रिश्तेदार तेजपाल के खिलाफ घंटों बाद रिपोर्ट दर्ज करा दी है। बताया ये भी जा रहा है कि कुछ लोगों से इंद्रपाल का ताजा विवाद हुआ था।

वे लोग भी गायब में नजर नहीं आ रहे हैं। पुलिस टीमें जहां एक ओर हत्यारोपियों की तलाश में जुटी है, दूसरी ओर दूसरे बिंदुओं पर भी तेजी से तहकीकात में भी लगी हैं। पुलिस की जांच का फोकस इंद्रपाल के जमीन बेचने और पास में मोटे पैसे होने की ओर भी है। अफसरों के निर्देश पर पुलिस की कई टीमें हत्याकांड की गहराई से पड़ताल कर रही है। डॉग स्क्वाड और फील्ड यूनिट द्वारा मौके से जुटाए गए सभी साक्ष्यों की कड़ियां जोड़कर रायपुर हंस कांड के खुलासे की कोशिश की जा रही है।

#### पुलिस कई संदिग्धों से कर रही पूछताछ

फरीदपुर पुलिस ने इंद्रपाल की हत्या के मामले में कई लोगों को हिरासत में लेकर लंबी पूछताछ की है। इसमें इंद्रपाल का करीबी बताया जा रहा युवक भी है। उसी ने सबने पहले शव देखा था। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसको छोड़ दिया। प्रधान से भी जानकारी की गई। साथ ही कुछ और लोगों के बारे में भी पड़ताल की गई है।

#### खुलासे को सर्विलांस की मदद भी ले रहीं टीमें

पुलिस ई-साक्ष्य को भी जुटा रही है। कुछ लोगों की कॉल डीटेल भी निकाली जा रही हैं। रात में किसने किससे कितनी बात की इसकी भी जांच की जा रही है। इसके साथ कुछ लोगों की लोकेशन भी ट्रैस की जा रही है। कि वह लोग घटना के समय कहां पर थे।

> हत्या के खुलासे के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं। पुलिस कई पहलुओं पर जांच कर रही है। जिनके नाम मुकदमा लिखा गया है वह गांव से फरार है। जिनसे मृतक का झगड़ा हुआ, वे भी गांव से गायब है। तलाश जारी है।
>
> **-अंशिका वर्मा, एसपी साउथ**

## आरटीओ कर्मचारी की वसूली-हंगामे का वीडियो वायरल

**बरेली, अमृत विचारः** आरटीओ में तैनात एक कर्मचारी का ड्यूटी के दौरान वसूली और विरोध पर हंगामे का वीडियो वायरल हुआ है। अफसरों का कहना है कि कोई शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी। नकटिया के रहने वाले गोदपाल ने बताया कि वह शनिवार को नकटिया स्थित आरटीओ कार्यालय में गाड़ी का रिन्यूवल कराए आरटीओ गए थे। आरोप है कि इसी बीच कमरा नंबर 13 में बैठे एक कर्मचारी ने काम कराने के नाम पर रुपये की मांग कर दी। अन्य बाहरी लोगों के साथ आ रहे आवेदकों के काम कराए जा रहे थे। विरोध किया हंगामा कर शुरू दिया। शुरु हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह से मामला शांत कराया। आरटीओ प्रशासन पंकज सिंह ने बताया कि मामले में शिकायत मिली नहीं है। अगर शिकायत मिलती है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# हाइटेंशन लाइन टूटेंगी...लोग मरेंगे, पैसे से जख्म कैसे भरेंगे

### जर्जर तार बदलने को लगातार आवाज उठा रहे थे लोग मगर सुनी किसी ने नहीं

कार्यालय संवाददाता बरेली/ राजपुर कलां



● सूदनपुर में हादसे के लिए गांव वाले बिजली निगम को दोषी बता रहे।

- सूदनपुर गांव के लोग उठा रहे थे जर्जर तार बदलने की मांग
- पावर कारपोरेशन के पास नहीं सवालों का कोई जवाब

**अमृत विचार :** हंसते-खेलते इंसानों की बस्ती पर अगर हाईटेंशन लाइन टूटकर गिरी है और छात्र समेत दो लोगों की बेमौत मौत हुई है तो सवाल उठना लाजिमी हैं। थाना अलीगंज क्षेत्र के जिस सूदनपुर गांव में 11केवी की लाइन टूटकर लोकल सप्लाई लाइन पर गिरी, वहां जर्जर तारों की समस्यों को लेकर लोग काफी समय से आवाज उठा रहे थे। पावर कारपोरेशन की नींद शिकायतों पर नहीं टूटी और हादसे में छात्र समेत दो लोगों को जान गंवानी पड़ी। हादसे से जागे पावर कारपोरेशन के अफसर मृतकों के परिवारों को मुआवजा व संविदा पर नौकरी के साथ घायल महिला के इलाज का भरोसा दे रहे हैं मगर क्या इस मदद से मौतों के जख्म भरेंगे, इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

अलीगंज क्षेत्र के सूदनपुर गांव में हाईटेंशन लाइन टूटकर गिरने से दो लोगों की जान चली गई। गांववालों का कहना है कि जर्जर बदलवाने के लिए बिजली निगम के अफसर काफी समय से सुनवाई नहीं कर रहे थे। परेशान होकर प्रशासन के साथ राजनेताओं से भी शिकायत की गई थी मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

मौत बनकर झूलते तार हादसे का कारण बन गए। गांव के बंटी सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना तुरंत सम्बंधित अफसरों को दे दी गई थी मगर बिजली निगम का अमला 4 घंटे बाद मौके पर पहुंचा। राजेश, राजेंद्र, हरीश आदि ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते हाईटेंशन लाइन के तार झूल रहे हैं। शिकायत के बाद भी तारों की सही नहीं किया जा रहा था। गांववालों का कहना है कि समय रहते तार बदल दिएग हो तो ऐसी अनहोनी नहोती।

**विभागीय रिकॉर्ड में 6.53 पर लाइन हुई ट्रिप :** मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि शनिवार सुबह अलीगंज उपकेंद्र के लॉग बुक में छह बजकर 53 मिनट पर लाइन ट्रिप हुई।

घटनास्थल पर एक चिड़िया भी मृत मिली है। इंसुलेटर भी फुंका मिला। पूरे गांव में एबीसी बंच केबल से बिजली की सप्लाई हो रही है। पास से निकली 11 हजार केवी लाइन का तार टूटकर बंच केबल के न्यूटल के फ्यूज में जाकर टच होने से करंट आने से दो लोगों की मौत व एक महिला झूलस गई।

#### होनहार सुभाष की मौत से टूटे मजदूर पिता के सपने

हाईटेंशन लाइन टूटने से जान गंवाने वाला सुभाष 10वीं का छात्र था और तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। पढ़ने में काफी होशियार था। पिता ऊदल सिंह मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। तंगी के बाद भी किसी तरह होनहार बेटे की पढ़ाई का खर्च उठा रहे थे। सुभाष की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। परिवार की उम्मीदें टूट गई हैं। वहीं कुंवरपाल पैर से दिव्यांग था और कपड़ों की सिलाई कर गुजारा करता था। उसके मां और बाप का निधन हो चुका था। कुंवरपाल की मौत से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

#### सूदनपुर में मौत बनकर पहले भी दौड़ा था करंट

गांववालों ने बताया कि कुछ समय पहले भी इसी तरह से करंट गांव के घरों में दौड़ा था। तब भी कई घरों की केबल जल गई थी। लोग डरकर अपने घरों से बाहर निकल आए थे। किसी तरह जनहानि बच गई थी। लोगों ने पावर कारपोरेशन अफसरों के साथ नेताओं से भी जर्जर तार और ट्रांसफार्मर ठीक करने के लिए मदद मांगी थी। पत्र भी लिखे थे मगर किसी ने गंभीरता से नहीं लिया। इसी वजह से गांव के होनहार छात्र सुभाष और दिव्यांग कुंवरपाल की जान चली गई। अनहोनी से गांव सदमे और शोक में है। अफसर मदद व मुआवजे की बातें कर रहे हैं। दूसरी ओर, गांववाले खासे गुस्से में दिखाई दे रहे हैं।

#### जलते बेटे को बचाने में खुद भी झुलस गई मां

शनिवार सुबह जिस मां ने बच्चे को खाना खिलाने के बाद स्कूल को भेजा तभी घर के दरवाजे पर ही मौत बनकर आई बिजली के करंट ने घेर लिया। करंट लगते ही मां सुनीता बेटे सुभाष को बचाने दौड़ी। करंट की चपेट में आए मां बेटे दोने में मां के सामने ही उसके कलेजे के टुकड़े की मौत हो गई, जबकि वह गंभीर रूप से झुलस गई।

#### मृतकों के परिवार को 5-5 लाख मुआवजा, नौकरी का भरोसा

सूदनपुर में बिजली हादसे के बाद मौके पर पहुंचे बिजली निगम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश, एक्सईएन गुरुदेव कुमार, एसडीओ रमेश कुमार, अवर अभियंता नीरज कुमार ने लोगों से घटनाक्रम की जानकारी की। जांच का भरोसा दिया। चीफ इंजीनियर ने मृतकों के परिजनों को पांच-पाच लाख रुपये की आर्थिक सहायता के साथ झुलसी महिला के उपचार का खर्च निगम द्वारा उठाने का आश्वासन दिया। ये भी कहा कि दोनों मृतकों के परिजनों में एक-एक सदस्य को संविदा पर नौकरी भी दी जाएगी।

### देहात में हादसा, शहर में सबक..गली-गली दौड़ती नजर आईं टीमें



**बरेली, अमृत विचार :** अलीगंज क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन टूटने से दो लोगों की मौत के बाद देहात क्या, शहर में भी बिजली निगम की टीमें जर्जर तार और खतरनाक लाइन खोजती नजर आईं। अधीक्षण अभियंता (एसई) धर्मेंद्र कुमार और एक्ससीएन समेत पूरी टीम ने कई इलाकों का निरीक्षण किया। वन खंडी नाथ फीडर की ओवरहेड विद्युत लाइन का गहन परीक्षण किया गया जो कई स्थानों पर सीधे रिहायशी घरों के ऊपर से गुजर रही है। निरीक्षण के दौरान दुर्गा नगर पावर हाउस क्षेत्र में भी विद्युत लाइनों की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने पाया कि कई स्थानों पर तारें जर्जर अवस्था में हैं तथा सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने शिकायत की कि लंबे समय से ये हाई वोल्टेज लाइनें घरों के ऊपर से गुजर रही हैं, जिससे हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने विभागीय लापरवाही पर आक्रोश व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार की मांग की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में जल्द ही सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुधार कार्य किए जाएंगे तथा खतरनाक लाइनों को शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### संविदा लाइनमैन करंट लगने से झुलसा, बिना उपकरण कर रहा था काम



**बरेली, अमृत विचार :** संविदा लाइनमैन रियासत शनिवार शाम करंट लगने से झुलस गए। वह बिना सुरक्षा उपकरणों के लाइन पर काम कर रहे थे, तभी बैक करंट की चपेट में आ गए। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के समय फीडर शटडाउन पर था, लेकिन लाइन में अचानक बैक करंट दौड़ गया। रियासत को खुशबू इंक्लेव से आई शिकायत पर हरूनगला उपकेंद्र से भेजा गया था। रामगंगा नगर और खुशबू इंक्लेव फीडर शनिवार को दिन में बार-बार ब्रेक डाउन हो रहे थे, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही थी। रियासत ने उपकेंद्र पर कॉल करके शटडाउन लिया और काम शुरू किया। इसी दौरान लाइन और खंभे में बैक करंट दौड़ने से उन्हें तेज झटका लगा और वह जमीन पर गिर गए। लाइन पर काम करते समय रियासत ने न तो विद्युत रोधी ग्लव्स पहने थे और न ही अन्य सुरक्षा उपकरण थे।

#### बिजली अफसर बोले, प्राथमिक जांच में लापरवाही सामने नहीं आई

मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि घटना की जानकारी पर स्वयं मौके पर जाकर जांच की। प्रथम दृष्टयता किसी की लापरवाही नहीं मिली है। फिर भी मामले में विस्तृत जांच कराई जा रही है। मृतक के परिजनों को पांच-पाच लाख रुपये व एक सदस्य को संविदा पर नौकरी देने का आश्वासन दिया है। झुलसी महिला के उपचार का खर्च विभाग उठाएगा।

> मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिया जाएगा। घायल महिला सुनीता के पूरे इलाज का खर्च निगम वहन करेगा। मृतकों के परिजनों में से 21 वर्ष की आयु पूरी कर चुके एक-एक सदस्य को संविदा पर नौकरी मिलेगी। निगम ने मामले की उच्च स्तरीय जांच भी कराई जाएगी।
>
> **-ज्ञान प्रकाश, मुख्य अभियंता**

# परसाखेड़ा के प्लाईवुड गोदाम में भीषण अग्निकांड, बड़ा नुकसान

संवादाता, सीबीगंज



प्लाईवुड गोदाम में लगी भीषण आग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में रोड नंबर-4 स्थित भारत पेट्रोलियम पंप के पास बने प्लाईवुड गोदाम में शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई। आसपास के इलाकों में अफरातफरी फैल गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। थाना व परसाखेड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने करीब दो घंटे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपये का नुकसान होने का दावा किया गया है।

- दो घंटे मशक्कत के बाद चार दमकल गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

**ज्वलनशील सामग्री बनी आग फैलने की वजह :** दमकल अधिकारियों के अनुसार गोदाम में प्लाईवुड निर्माण में इस्तेमाल होने वाली लकड़ी, सूखे पत्ते और अन्य ज्वलनशील सामग्री भारी मात्रा में रखी थी। इसी कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। हालात बिगड़ते देख सिविल लाइंस फायर स्टेशन से अतिरिक्त दमकल वाहन भी मौके पर बुलाए गए। टीम ने पानी की तेज धार से आग बुझाने का अभियान चलाया। गोदाम में रखा लाखों रुपये का प्लाईवुड और अन्य सामान जलकर राख हो गया। हालांकि, कोई जनहानि नहीं हुई। आग न बुझती तो अन्य फैक्ट्रियां चपेट में आ सकती थीं।

#### गोदाम में नहीं थे आग से बचाव के लिए पर्याप्त उपकरण, साजिश को लेकर भी हो रही जांच

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गोदाम में आग से बचाव के पर्याप्त उपकरण मौजूद नहीं थे। वहीं, हाल ही में जीएसटी और आयकर विभाग की छानबीन के बाद फैक्ट्री को सील किया गया था। ऐसे में इस घटना को लेकर साजिश की आशंका भी जताई जा रही है। टीमें सभी पहलुओं पर छानबीन में जुटी हैं।

> आग लगने के कारणों की गहन जांच की जा रही है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है। दमकल की टीम ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया।
>
> **-मनु शर्मा, सीएफओ**

## झारखंड से अफीम की तस्करी का भंडाफोड़, दो अरेस्ट

**बरेली, अमृत विचारः** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बरेली पुलिस के साथ मिलकर झारखंड से अफीम तस्करी का भंडाफोड़ किया गया है। थाना इलाके से दो तस्करों को दबोचा गया, ड्रग्स की खेप दिल्ली में सप्लाई करने ले जा रहे थे। उनके पास से भारी मात्रा में अफीम बरामद हुई।

पुलिस व एएनटीएफ ने तस्करों के बारे में सटीक सूचना पर छापेमार की। किला इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने बताया कि शुक्रवार की गंगा मंदिर के पास दो लोग संदिग्ध दिखे जो पुलिस को देखकर छुपने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। जब उनकी तलाशी ली गई तो पुलिस को उनके पास से चार किलो अफीम और 275 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों में महेंद्र कुमार झारखंड के चतरा जिले स्थित कांस गांव का रहने वाला है। वहीं दूसरा आरोपी लोकपाल सिंह बदायूं के बजीरगंज का रहने वाला है। उन्होंने पूछताछ में बताया कि वह लंबे समय से यह काम कर रहे है। पहले वह डिलीवारी का काम करते थे। बाद में तस्कर बन गए।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines
● Faculty of Medical Sciences
(All Clinical and Non-Clinical Specialities)
● Faculty of Pharmacy
● Faculty of Dental Sciences
(All Specialities)
● Faculty of Management
Application Fee
■ For Indian Candidate Rs. 2000/-
■ NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## सिटी ब्रीफ

### युवा संसद में दीपांशु व स्वर्णिमा का दमदार प्रदर्शन

**बरेली, अमृत विचार** : विधानसभा में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा छात्र संसद प्रतियोगिता में एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक केंद्र ने लगातार दूसरी बार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र दीपांशु दीप ने बरेली व पूर्व छात्रा स्वर्णिमा गुप्ता ने शाहजहांपुर जनपद का प्रतिनिधित्व किया। बजट 2026 विकसित भारत और 2047 में युवाओं की भूमिका" विषय पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना आदि उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने इसे गर्व का क्षण बताते हुए दोनों प्रतिभागियों को बधाई दी। सांस्कृतिक केंद्र की समन्वयक डॉ. ज्योति पांडेय ने बताया कि दीपांशु दीप पूर्व में भी विधानसभा में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, जबकि स्वर्णिमा गुप्ता का यह पहला अवसर था।

# 50 में से सिर्फ 9 शिकायतें निपटीं

## संपूर्ण समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सदर तहसील में शिकायतें सुनते अफसर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को फरियादियों की भारी भीड़ रही। एसडीएम सदर ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। पीएम आवास और पेंशन से संबंधित शिकायतों की संख्या अधिक रही। 50 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। 9 का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि शेष शिकायतें संबंधित विभागों को सौंप दी गईं।

नरियावल की नफीसा ने पीएम आवास न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। नेकपुर निवासी ओमवती कश्यप ने विधवा पेंशन न बनने की समस्या उठाई। अधिकारियों ने दोनों मामलों में संबंधित विभागों को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एजाजनगर गौटिया

- पीएम आवास और पेंशन से संबंधित शिकायतों की संख्या अधिक रही

निवासी अफजाल ने सड़क और नाली निर्माण की मांग की, जिस पर नगर निगम की ओर से प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के बाद कार्य कराने की बात कही गई। वहीं पीरबहोड़ा निवासी यासमीन ने डूडा आवास योजना की अंतिम किस्त न मिलने की शिकायत की। भोजीपुरा क्षेत्र के कांता प्रसाद ने 15 हजार रुपये मजदूरी न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर एसडीएम ने थाना प्रभारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से करें।

### जनता दर्शन की होगी लाइव निगरानी



**बरेली, अमृत विचार** : प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी व जवाबदेह बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए डीएम अविनाश सिंह ने शनिवार से तहसील मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले 'जनता दर्शन' की लाइव मॉनिटरिंग शुरू कर दी है। इस दौरान डीएम ने सभी तहसीलों के अधिकारियों से वर्चुअल संवाद कर स्पष्ट निर्देश दिए कि हर फरियादी की शिकायत को गंभीरता सुना जाए।

# मौलाना तौसीफ रजा का ऑडियो वायरल, सिर की चोट से हुई मौत

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर के सीधे हिस्से में मिली अधिक चोटे
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अधिक खून बहने से हुई की मौत
- ट्रेन में मारपीट के दौरान पत्नी से बातचीत का बताया जा रहा ऑडियो

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार** : रेलवे ट्रैक किनारे मृत हालत में मिले बिहार के मौनाला तौसीफ की मौत का मामला गर्माता जा रहा है। वायरल हुई ऑडियो के अनुसार तौसीफ का ट्रेन में झगड़ा हुआ और वह अपनी पत्नी से शाहजहांपुर पुलिस को फोन करने मदद की बात कह रहे थे। वहीं, पीएम रिपोर्ट के अनुसार, मौलाना की मौत मौत सिर में चोट लगने और अधिक खून बहने से हुई है।

मौलाना तौसीफ रजा मजहरी बिहार में किशनगंज जिले के ठाकुरगंज के रहने वाले थे। परिजनों के मुताबिक, वह बरेली में 24-25 को आयोजित उर्स-ए-ताजुश्शरिया में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह ट्रेन से किशनगंज लौट रहे थे। आरोप है कि जब ट्रेन कैंट स्टेशन पहुंची, तो जनरल डिब्बे में मौजूद कुछ असामाजिक तत्वों ने उनके साथ लूटपाट की कोशिश की, विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई और बाद में उन्हें ट्रेन से धक्का दे दिया गया, जिससे उनकी मौत हो गई।

शुक्रवार से उनकी एक ऑडियो वायरल हुई है। जिसमें वह अपनी पत्नी से बात करते हुए ट्रेन में मारपीट होने की बात कहते हुए शाहजहांपुर पुलिस को फोन करने की बात कह रहे है। इसी बीच यह भी बताया जा रहा है कि ट्रेन में उनकी गला घोटकर हत्या के बाद शव को बाहर फेंका गया है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार तौफीस की मौत सिर में चोट लगने के बाद अधिक रक्त बहने के कारण हुई है।

### एआईएमआईएम ने सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन, जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग



**बरेली, अमृत विचार** : एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली के निर्देश पर प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी के नेतृत्व में शनिवार को पदाधिकारियों ने मौलाना तौसीफ प्रकरण को लेकर रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा और सीओ सिटी आशुतोष शिवम को सौंपा। प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी ने ज्ञापन में कहा कि मौलाना तौसिफ रजा की उर्स ए ताजुशशरिया से वापस जाते समय कुछ खुराफाती तत्वों ने मारपीट करने के बाद ट्रेन से नीचे फेंक कर हत्या कर दी थी। प्रतिनिधिमंडल ने दोषियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की। जिला अध्यक्ष मोहम्मद असलम एडवोकेट, शादाब एसके, अन्ने सकलैनी, अल्ताफ हुसैन, मो. फरमान, गुड्डू अलवी, मौलाना जाहिद, अनवर चौधरी, निजाम अंसारी, मुजाहिद, बली हसन, जीशान मंसूरी, इलियास कुरैशी, नसीम खान, मो. आमिर, अमजद खान, मोनिस कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### मृतक मौलाना के घर भेजी गई आर्थिक मदद

**बरेली, अमृत विचार** : ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी (अदनान मियां) ने मुफ्ती तौसीफ मजहरी की पत्नी को 25 हजार रुपये की आर्थिक मदद भेजी है। यह रकम आरएसी ट्रस्ट की तरफ से भेजी गई है। नबीरा-ए-आला हजरत मौलाना अदनान रजा कादरी ने मुफ्ती तौसीफ के परिजनों से फोन पर भी बात की। उन्होंने कहा है कि बहुत जल्द बिहार में आरएसी का प्रतिनिधिमंडल मुफ्ती साहब के परिजनों से मुलाकात करेगा। अदनान मियां ने कहा कि उर्स-ए-ताजुश्शरीआ में शिरकत से वापसी के वक्त जिन हालात में मुफ्ती तौसीफ मजहरी का इंतकाल हुआ, उसके बाद उनकी पत्नी का बयान जांच की मांग करता है। मामले की विस्तृत जांच होनी चाहिए ताकि पूरा सच सामने आ जाए।

# मां बोली- बहुत अच्छी थी बेटी, पढ़ने में थी होशियार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : मीरगंज क्षेत्र के जिस घर में कभी किताबों की पन्नों की सरसराहट और मासूम की हंसी गूंजती थी, आज वहां सिर्फ सन्नाटा और चीखें बची हैं। पढ़ाई में तेज, व्यवहार में सरल और सपनों से भरी किशोरी के फांसी लगाने की बात गांव वालों को बेचैन कर रही है। किशोरी की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

बहुत अच्छी थी मेरी बच्ची कहते-कहते बेसुध हो जाती है मां, पुलिस और गांव वालों का कहना है कि बच्ची की मां बेटी याद करके रोती है। घर में सन्नाटा पसरा रहता है। मां बार-बार अपनी बेटी को याद कर टूट जाती है। कभी उसकी किताबें सीने से लगा लेती है तो कभी उसकी तस्वीर को देखकर फफक पड़ती है।

बहुत अच्छी थी मेरी बच्ची पढ़ने में होशियार थी किसी से कोई शिकायत नहीं थी.. कहते हुए मां की आवाज बार-बार भर्रा जाती है।


**बेटी से हैवानियत**

- बेटी की मौत के बाद सदमे में आई मां, पुलिस की नजर में पांच लोग
- हैवानियत करने वाले को मिलेगी सजा, हैवान के करीब पहुंची खाकी

> पूरे मामले में एक बात सत्य है कि किशोरी ने सुसाइड किया है। बाकी पुलिस कई और दिशाओं में भी काम कर रही है। पांच लोगों को नोटिस किया गया है। किशोरी की मां उसे याद करके बिलख जाती है। जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा। - **अंशिका वर्मा**, एसपी नार्थ

गांव के लोग भी चाहते है कि जिसके कारण किशोरी को आत्महत्या करनी पड़ी उसका चेहरा भी बेनकाब होना चाहिए। वहीं पुलिस ने भी इस मामले में गांव के पांच लोगों को निशाने पर लिया है। उनके बयान दर्ज हो चुके है। पुलिस का मानना है कि इन पांच में से ही एक है जिसके कारण किशोरी ने आत्महत्या की है। पुलिस इस मामले में जल्द ही खुलासा कर सकती है।

## वारंट तामीला न कराने पर थाना प्रभारी का वेतन रोकने का आदेश



**बरेली, विधि संवाददाता:** चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी शराफत हुसैन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश न करने पर स्पेशल जज एनआई एक्ट हरिहर प्रसाद यादव ने कड़ा रुख अपनाया है। थाना बिथरी चैनपुर पुलिस की ओर से बार-बार कारण बताओ नोटिस का जवाब न देने और आरोपी को संरक्षण देने की आशंका पर अदालत ने एसएसपी को थाना प्रभारी का वेतन रोकने का आदेश दिया। हालांकि, थाना प्रभारी ने बाद में आख्या दी कि आरोपी गांव में नहीं रह रहा है। इस पर अदालत ने ग्राम प्रधान प्रियंका को 13 मई को तलब किया है कि उन्होंने किस आधार पर आरोपी का निवास प्रमाण पत्र जारी किया। कोर्ट ने आरोपी के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट और फरारी के आदेश भी जारी किए हैं।

## हाईकोर्ट के फैसले का मौलाना शहाबुद्दीन ने किया समर्थन

**बरेली, अमृत विचार** : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि व्यक्तिगत सुरक्षा और निजी संपत्ति की आड़ में सार्वजनिक व्यवस्था और शांति को खतरे में नहीं डाला जा सकता। कोर्ट ने निजी जगह पर भीड़ में नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी है। जिसका शहाबुद्दीन रजवी ने स्वागत किया है। उन्होंने विवाद वाली जगह पर नमाज न पढ़ने की अपील की है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि कोर्ट ने सार्वजनिक जगह पर नमाज पढ़ने के संबंध में जो फैसला दिया है, वो सही है। मौलाना ने कहा कि सार्वजनिक जगह पर नमाज पढ़ने से बचें, ऐसी जगह, जहां पर नमाज पढ़ने से किसी को आपत्ति हो सकती है तो वहां नमाज न पढ़ें।

## सिटी डायरी

### महंगाई के विरोध में एसीएम को सौंपा ज्ञापन



**बरेली, अमृत विचार** : ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस के पदाधिकारियों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर देश में बढ़ती महंगाई और हज किराए में वृद्धि के विरोध में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसीएम द्वितीय विजय सिंह को सौंपा। प्रदेश संगठन मंत्री मुख्तार अहमद और राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट वसी अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हज 2026 के हवाई किराए में की गई दस हजार रुपये की बढ़ोत्तरी को तत्काल वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में कामर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में हुई 993 रुपये की भारी वृद्धि और पेट्रोल-डीजल की संभावित कीमतों पर रोक लगाने पर भी जोर दिया गया। चेतावनी दी कि यदि हज यात्रा को जीएसटी मुक्त करने और तेल की कीमतों को कम करने जैसे कदम नहीं उठाए गए तो वे जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान मंडल प्रवक्ता अकील उद्दीन सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शहर में 18 स्थानों पर शुरू की प्याऊ सेवा



**बरेली, अमृत विचार** : भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए अरुणा फाउंडेशन ने शहरवासियों और राहगीरों को राहत देने के लिए निशुल्क शीतल पेयजल की व्यवस्था शुरू की है। इस कार्य का शुभारंभ शनिवार को वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने किया। संस्था के अध्यक्ष व पूर्व उपसभापति अतुल कपूर ने बताया कि सेवा भाव के संकल्प के साथ इस वर्ष गंगा शील पार्क, स्पोर्ट्स स्टेडियम, कर्मचारी नगर, रेलवे जंक्शन और गुलाबबाड़ी श्मशान भूमि समेत डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों पर मटकों के माध्यम से प्याऊ लगाए गए हैं। पार्षद सोनिया वंदिता शर्मा, मीतू अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, रवि छाबड़ा, अमित कपूर, रीना गर्ग, मीनू उपाध्याय, शिवी खंडेलवाल, डा. केएम अरोड़ा, विशाल मेहरोत्रा, हरीश सेठी, ओम कपूर आदि मौजूद रहे।

### रेल पथ व समपार फाटकों की स्थिति को जाना



**बरेली, अमृत विचार** : पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल ने इज्जतनगर-काठगोदाम रेलखंड के बाद दूसरे दिन शनिवार को रामनगर-काशीपुर-लालकुआं रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलपथ के रखरखाव, साफ-सफाई, ट्रैक की राइडिंग क्वालिटी, सिग्नल प्रणाली की स्थिति, विभिन्न खंडों में लागू कॉशन ऑर्डर व समपार फाटकों की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने सुरक्षा एवं परिचालन मानकों की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारों के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया।

### भारतीय भाषाओं के संरक्षण का संकल्प लिया



**बरेली, अमृत विचार** : भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीआरएसएसआर) शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, दिल्ली एवं बरेली कॉलेज के हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हो गया। मुख्य वक्ता प्रो. अरुण कुमार ने भारतीय भाषाओं को सभ्यता एवं संस्कृति से जोड़ते हुए उनके विकास पर प्रकाश डाला। डॉ. पंकज पटवा ने प्राचीन भारतीय आर्थिक चिंतन को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष पर आधारित बताया। प्रो. डॉ. अवधेश शास्त्री, डॉ. अनिल कुमार 'विश्वकर्मा', प्रो. पुरुषोत्तम राव कुंदे, प्रो. शिवराज भारद्वाज एवं डॉ. शिवोम सिंह ने भी विचार रखे। विभिन्न प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। तकनीकी व्यवस्था के लिए पर्यावरण विज्ञान विभाग की आईटी सेल को भी सम्मानित किया गया। भारतीय भाषाओं के संरक्षण का संकल्प लिया गया। प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश राय, प्रो. सुषमा गोंदियाल, प्रो. मनु प्रताप सिंह मौजूद रहे।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Granta Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty · NAAC

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

FACULTY OF FINE ARTS

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153
Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## सिटी ब्रीफ

### रंजीत वशिष्ठ बने चीफ वॉर्डन



**बरेली, अमृत विचार :** नागरिक सुरक्षा कोर (सिविल डिफेंस) को नया नेतृत्व मिल गया है। नागरिक सुरक्षा अनुभाग की तरफ से पत्र भेजकर रंजीत वशिष्ठ को तीन वर्षों के लिए चीफ वॉर्डन पद पर नियुक्त किया गया है। डीएम अविनाश सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे व प्रभारी नागरिक सुरक्षा, उपनियंत्रक राकेश मिश्र, सहायक उप नियंत्रक पंकज कुदेशिया और प्रमोद डागर आदि ने उन्हें बधाई दी है। रक्तदान के क्षेत्र में भी सिविल डिफेंस अग्रणी रहा है। बीते वर्ष लगभग 350 वार्डेंस व स्वयंसेवकों ने 350 यूनिट रक्तदान किया। पिछले तीन वर्षों में लगातार युद्ध अभ्यास के तहत तीन बार ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया।

### विद्युत अभियंता संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विद्युत वितरण निगम में कार्यरत अवर अभियंताओं और प्रोन्नत अभियंताओं के संगठन ने प्रबंधन पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई, संसाधनों की कमी और लंबित मांगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। संगठन की तरफ से अधीक्षण अभियंता व मुख्य अभियंता (वितरण) को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि हाल के दिनों में फील्ड स्तर पर कार्यरत अभियंताओं के विरुद्ध बिना निष्पक्ष जांच के निलंबन जैसी कठोर कार्रवाई की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष है। ज्ञापन में प्रयागराज और मेरठ में हुई हालिया घटनाओं का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया गया है कि विद्युत दुर्घटनाओं एवं आपूर्ति बाधित होने के मामलों में सीधे अभियंताओं को दोषी ठहराया जा रहा है। इससे मानसिक दबाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। संगठन ने मांग की है कि कार्रवाई से पहले निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए। स्वीकृत पदों के अनुरूप भर्ती की जाए व प्रभारी व्यवस्था को समाप्त किया जाए।

# केशलता स्कूल में भव्य पदस्थापन समारोह संपन्न

- छात्र-परिषद के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया



कार्यक्रम में मौजूद निदेशक डॉ. लता अग्रवाल, शिक्षक व विद्यार्थी। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** केशलता इंटरनेशनल स्कूल में सत्र 2026–27 के लिए पदस्थापन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ।

छात्र-परिषद के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों में प्रशंसा गंगवार, ऋषभ शर्मा, अनन्या चौहान, ईशांत पाल, राधिका शर्मा, काव्या झा, अंशिका गुप्ता, प्रियांशी मिश्रा, वेदिका चौधरी, आयुष शर्मा, तन्वी यादव, स्पर्श मिश्रा, जागृति गंगवार को सम्मानित किया गया। मार्च-पास्ट एवं शपथ ग्रहण का आकर्षक प्रदर्शन भी हुआ। निदेशक डॉ. लता अग्रवाल ने सम्बोधन में कहा कि नेतृत्व वह शक्ति है जो दूसरों को सही दिशा में प्रेरित करती है। ऐसे नेताओं की आवश्यकता है जो ईमानदारी, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करें। प्रधानाचार्य ममतेश महेश्वरी ने कहा कि विद्यालय व्यक्तित्व निर्माण का आधार भी है। उप-प्रधानाचार्य डॉ. निशा शर्मा ने टीम भावना एवं सकारात्मक सोच पर जोर दिया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु शर्मा के साथ में सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं का सहयोग रहा। संचालन सिमरित कौर व जसलीन कौर ने किया।

# समस्याओं पर शिक्षकों ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, बरेली



धरने को संबोधित करते वक्ता व मौजूद पदाधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर शनिवार को जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में शिक्षकों की समस्याओं व मांगों को लेकर डीआईओएस कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष नवनीत कुमार शर्मा ने मांग करते हुए कहा कि चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 18 एवं 21 व पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए। वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को उनके श्रम का उचित मूल्य देते हुए समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए। व्यावसायिक शिक्षकों को विनियमित करते हुए उन्हें पूर्णकालिक शिक्षक का दर्जा और सुविधाएं दी जाएं। मंडलीय अध्यक्ष डॉ. रणविजय सिंह ने कहा कि इन मांगों के अलावा शिक्षकों की स्थानीय समस्याओं से डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार को पहले ही अवगत कराया जा चुका है। डॉ. लाखन सिंह यादव, डॉ. संतोष गुप्ता, डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव, डॉ. अवनीश कुमार यादव, ओमप्रकाश राय, अरविंद कुमार उपाध्याय, गोविंद दीक्षित, मुनीश गंगवार, संजीव महरोत्रा, मुकेश सक्सेना आदि ने भी विचार रखे। जिला मंत्री मुन्नेश कुमार, रामानन्द कोली, मुकुल मोहन त्रिपाठी, शेर सिंह, सुधीर विक्रम वीर, कमलेश लता, यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

# गोशालाओं में चारा व पानी की कमी न हो : धर्मपाल

## समीक्षा बैठक में पशुधन मंत्री ने अफसरों को दी सख्त हिदायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अफसरों के साथ बैठक करते पशुधनमंत्री धर्मपाल सिंह। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** सर्किट हाउस में शनिवार को आयोजित समीक्षा बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गोशालाओं में हरा चारा, भूसा और स्वच्छ पेयजल की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा में सामने आया कि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के पास भूसे की सही जानकारी तक नहीं थी, जिस पर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए तुरंत सुधार के निर्देश दिए। नगर निगम को सभी कान्हा गोशालाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए गए।

मंत्री ने चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में हीट वेव और सूखे का असर और बढ़ सकता है।सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल, छाया और राहत इंतजाम तुरंत सुनिश्चित करने के निर्देश। सभी विभागों को समय रहते ठोस कार्ययोजना बनाने को कहा गया। संभावित बाढ़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की संयुक्त निगरानी में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। उन्होंने सभी जलस्रोतों को जल्द भरवाने व सरकारी नलकूप, ट्यूबवेल प्राथमिकता पर चालू कराने के निर्देश दिए, ताकि सिंचाई और पेयजल की समस्या न हो। ग्राम पंचायतों की खाली जमीन पर चारा उगाने के निर्देश दिए गए। आउटसोर्सिंग कर्मियों को समय से वेतन देने पर भी जोर दिया गया। महापौर डॉ. उमेश गौतम, भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

- हीट वेव से बचाव को दिए निर्देश, गोशालाओं का निरीक्षण करने को कहा

## जिले में 25 केंद्रों पर होगी नीट मजिस्ट्रेट तैनात

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में रविवार को करीब 25 केंद्रों पर नीट-2026 (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) का आयोजन होगा। जिसमें 11,532 से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 2:00 से शाम 5:00 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए जिले में 25 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने बताया कि सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहेगा, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा सके। परीक्षार्थियों की एंट्री सुबह 11:00 बजे से शुरू हो जाएगी, जबकि दोपहर 1:30 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केंद्र में केवल पारदर्शी पानी की बोतल ले जाने की अनुमति होगी। मोबाइल फोन सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर प्रतिबंध रहेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 9 को, तैयारियां तेज



बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जनपद में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शनिवार को इस संबंध में जनपद न्यायालय सभागार में जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह-द्वितीय के निर्देशन में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई।

संचालन करते हुए नोडल अधिकारी एवं अपर जनपद न्यायाधीश उमा शंकर कहार ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक वादों को लोक अदालत में सूचीबद्ध कर उनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कहा कि लोक अदालत आम जनता को सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम है, इसलिए सभी विभाग गंभीरता से भागीदारी सुनिश्चित करें। इस दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर सिविल जज (सी.डि.) जया प्रियदर्शिनी ने विभिन्न विभागों से लोक अदालत में लगाए जाने वाले वादों की जानकारी ली। डिप्टी सीएमओ डॉ. पवन कपाही, एआरटीओ वैभव सोडी, बीएसएनएल के लेखाधिकारी अरविन्द कुमार शर्मा, शिक्षा विभाग से तौसीफ अहमद आदि मौजूद रहे।

- जनपद न्यायालय सभागार में अधिकारियों की बैठक आयोजित

## वेतन नहीं मिलने से मीटर रीडर व सुपरवाइजरों में गुस्सा

**बरेली, अमृत विचार :** वैभव इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के तहत काम करने वाले मीटर रीडर और सुपरवाइजरों ने वेतन भुगतान में गंभीर अनियमितताओं को लेकर जिला प्रशासन, मुख्य अभियंता और सहायक श्रमायुक्त को संयुक्त रूप से शनिवार को शिकायत पत्र सौंपा। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले दो महीनों से वेतन नहीं दिया गया है, जबकि कई बार समय पर भुगतान का आश्वासन दिया जा चुका है। सुपरवाइजर विजय यादव ने आरोप लगाया कि उन्हें निर्धारित न्यूनतम वेतन से कम राशि का भुगतान किया जा रहा है। उनका कहना है कि लगातार अनदेखी के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर फरवरी और मार्च माह का वेतन निर्धारित तिथियों तक जारी नहीं किया गया तो वे कार्य करने में असमर्थ होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग और प्रबंधन की होगी। कर्मचारियों ने मांग की है कि भविष्य में भी प्रत्येक माह वेतन का भुगतान निश्चित तारीख तक सुनिश्चित किया जाए।

- प्रशासन और मुख्य अभियंता को पत्र दिया

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने लांच किया सीयूसीईटी पोर्टल



सीयूसीईटी पोर्टल के संबंध में जानकारी देते वाइस चांसलर व अन्य। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बदलते वैश्विक परिदृश्य में एआई, स्किल-बेस्ड लर्निंग और इंडस्ट्री-ओरिएंटेड शिक्षा फ्यूचर की दिशा तय कर रही है। ऐसे दौर में युवाओं को फ्यूचर-रेडी बनाने के उद्देश्य से चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की यूपी शाखा ने बरेली में सीयूसीईटी 2026 (चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट) पोर्टल लांच करते हुए 50 करोड़ रुपये तक की स्कॉलरशिप योजना की घोषणा की। शनिवार को सिविल लाइंस स्थित होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में वाइस चांसलर प्रो. डॉ. टीपी सिंह ने कहा कि नई शिक्षा व्यवस्था में केवल डिग्री नहीं, बल्कि स्किल, इनोवेशन और इंडस्ट्री एक्सपोजर सफलता की असली कुंजी बन चुके हैं।

प्रो. डॉ. टीपी सिंह ने कहा कि यूनिवर्सिटी ने गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम समेत 23 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ साझेदारी कर पाठ्यक्रमों को रोजगारपरक और टेक्नोलॉजी-ड्रिवन बनाया है।

नवाबगंज (उन्नाव) में यूपी की शाखा की शुरुआत हो चुकी है। कहा कि इच्छुक छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से इस पहल का लाभ उठा सकते हैं। अंक के आधार छात्रों को स्कॉलरशिप दी जाएगी। प्रो. सिंह ने बताया कि अन्य जिलों में भी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ब्रांच शुरू करेगी। इस दौरान दीप चंद्र त्रिवेदी, गुरप्रीत सिंह मौजूद रहे।

- एआई, रिसर्च और इनोवेशन पर फोकस
- स्कॉलरशिप योजना की घोषणा की गई

## आध्यात्मिक जीवन का महत्व समझाया

**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर बाग के आनंद आश्रम के सत्संग भवन में चल रही भागवत कथा में श्वेताभ महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक जीवन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति से ही इंद्रियों पर नियंत्रण संभव है और जब भगवान की कृपा प्राप्त होती है, तभी जीवन में वास्तविक आंतरिक सुख की अनुभूति होती है। महाराज ने बताया कि कामनाओं पर नियंत्रण कर ही जीवन को सच्चे अर्थों में सुखमय बनाया जा सकता है। धर्म वही है जो मनुष्य को भगवान की भक्ति की ओर अग्रसर करे और आत्मा को आनंद प्रदान करे। कथा के दौरान भजनों की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। सुबह के सत्र में नेमिषारण्य से पधारे आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा पर विस्तृत प्रवचन दिया। उन्होंने जीव कल्याण और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। मंत्री अनिल अग्रवाल ने बताया कि मासिक संकीर्तन का आयोजन प्रत्येक रविवार को अपराह्न 3:30 से शाम 6:00 बजे तक किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# बैंक कर्मियों ने उठाई मांगें, किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में शनिवार को बैंकों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर काले बैज लगाकर विरोध-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन बैंक कर्मियों की लंबित मांगों के समर्थन में आयोजित किया गया।

जिला संयोजक नवीन्द्र कुमार ने बताया कि यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है। यूएफबीयू के अध्यक्ष पीके महेश्वरी ने कहा कि पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करना कर्मचारियों की प्रमुख मांग है। उनका तर्क है कि जब अन्य सरकारी संस्थानों में यह व्यवस्था वर्षों से लागू है, तो बैंकिंग क्षेत्र में भी इसे लागू किया जाना चाहिए। इसके साथ ही परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीआईएल) में व्याप्त असमानता और भेदभाव समाप्त करने की मांग भी उठाई जा रही है। यूएफबीयू के उपाध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि बैंकों में बढ़ते कार्यभार और नई भर्तियों के अभाव के कारण कर्मचारियों पर अत्यधिक दबाव है। उन्होंने शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

- यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस का देशव्यापी विरोध




बैठक में मौजूद बैंक कर्मी और संगठन के पदाधिकारी। • अमृत विचार

## सिटी डायरी

### सैंट मैरीज कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बरेली, अमृत विचार :** आईसीएसई 10 वीं में स्टेशन रोड स्थित सैंट मैरीज कान्वेंट स्कूल के छात्रों में आकायशा भारद्वाज ने 91, शगुन ने 91, श्रेयांश ने 91, अनुकृष्णा ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी छात्रों की सफलता पर बधाई दी। विद्यालय प्रबंधक डा. अजीत भटनागर व प्रधानाचार्य आशा सिंह ने भी बच्चों को बधाई देकर और अधिक मेहनत करने को कहा।






### कंपनी निर्माण, लेजर प्रबंधन के बारे में दी जानकारी




**बरेली, अमृत विचार :** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के प्रबंधन संकाय अंतर्गत बीकॉम विभाग की ओर से "मास्टरिंग अकाउंटिंग स्किल्स : टैली प्राइम 6.0 विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक विवेक गुप्ता ने लाइव डेमो और प्रैक्टिकल सत्रों के माध्यम से कंपनी निर्माण, लेजर प्रबंधन, वाउचर एंट्री, जीएसटी अनुपालन और वित्तीय रिपोर्टिंग जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ. धीरज गांधी ने कहा कि प्रतिस्पर्धी दौर में वाणिज्य के छात्रों के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। डॉ. नितिन सरीन, डॉ. मोहनिश कुमार, डॉ. मनमोहन बंसल, डॉ. रुचि रस्तोगी मौजूद रहीं। कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम, प्रति-कुलाधिपति पार्थ गौतम, कुलपति प्रो. वाई.डी.एस. आर्या और डीन प्रो. मनीष गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की उद्योग-उन्मुख कार्यशालाएं विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करती हैं।

### उपमेंद्र समेत कई रचनाकार साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** विश्व हिंदी परिषद दिल्ली व हिंदी विभाग बरेली कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को कॉलेज सभागार में साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कई रचनाकारों को 'साहित्य गौरव सम्मान' से अलंकृत किया गया। सम्मानित होने वालों में शाहजहांपुर के राष्ट्रवादी कवि डॉ. प्रदीप 'वैरागी' बरेली के सुप्रसिद्ध गीतकार उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट, कवयित्री राजबाला 'धैर्य', शालिनी शर्मा 'मुक्ता', अभिषेक अग्निहोत्री, निर्दोष कुमार 'विन' एवं संतोष कुमार शामिल रहे। यह सम्मान हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. मनु प्रताप सिंह और विश्व हिंदी परिषद के महासचिव डॉ. विपिन कुमार ने प्रदान किया गया। डॉ. प्रणव कुमार, डॉ. योगेश शर्मा, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. विवेक आस्तिक आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता साहित्यकार सीपी मौर्य ने की।

### रहमत इंग्लिश स्कूल में बाबा साहब के विचारों पर मंथन



**बरेली, अमृत विचार :** मोहल्ला नवादा शेखान स्थित अंबेडकर शिक्षा मिशन एवं रहमत इंग्लिश स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को विचार गोष्ठी हुई। कार्यक्रम का मुख्य विषय डॉ. भीमराव अंबेडकर का अमर संदेश "शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पियेगा वह दहाड़ेगा" रहा। मुख्य अतिथि महेंद्र बाबू और प्रबंधक शुजाअत हुसैन ने कार्यक्रम की शुरुआत की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही वह एकमात्र सशक्त माध्यम है जिससे शोषित और वंचित समाज अपनी पहचान बना सकता है। प्रधानाचार्या विनीता रानी, शबाहत हुसैन, अजीत कुमार, नीरज, पिंकी गौतम, नवल किशोर, राजेंद्र गौतम, पुष्पेंद्र, नीलू, धर्मेश, मानव, सुभाष, प्रशांत आदि ने भी विचार रखे। संचालन पंकज आजाद ने किया।

## विलंब शुल्क के साथ भरे जा सकेंगे परीक्षा और बैक फॉर्म

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एनईपी के तहत संचालित बीबीए, बीबीए हेल्थ केयर, बीबीए रिटेल, बीसीए द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम सेमेस्टर के संस्थागत व बैक परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख को विलंब शुल्क के साथ विस्तारित किया है। अभ्यर्थी अब 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। दो मई से परीक्षा फॉर्म पुनः उपलब्ध हो गए हैं। छात्र-छात्राएं 3 मई तक परीक्षा शुल्क जमा कर सकेंगे। वहीं आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा करने एवं कॉलेज द्वारा ऑनलाइन स्वीकृति की अंतिम तिथि 4 मई की गई है।

# रास्ते में बस खराब, किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बस के बाहर खड़े यात्री। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** रुद्रपुर से बरेली आ रही रुहेलखंड डिपो की बस में खराबी आ गई। यात्रियों को रात में बस से उतारकर उसकी मरम्मत कराई गई। ठीक होने पर एक घंटे के बाद बस को बरेली के लिए रवाना किया गया। इस दौरान यात्रियों ने हंगामा भी किया।

बरेली रीजन के रुहेलखंड डिपो की बस शनिवार रात रुद्रपुर से सवारी लेकर बरेली आ रही थी। शनिवार रात करीब 8 बजे बस में खराबी आ आई। करीब एक घंटे तक बस सड़क किनारे खड़ी रही और यात्री वहीं इंतजार करने को मजबूर रहे। इस दौरान गर्मी और उमस के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नाराज यात्रियों ने हंगामा किया। लेकिन चालक परिचालक ने तकनीकी समस्या बताकर उन्हें शांत कराया। आरोप है कि बसों की नियमित जांच नहीं होने के कारण इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं। रुहेलखंड डिपो के एआरएम अरुण कुमार वाजपेयी ने बताया कि फ्यूज में दिक्कत होने की वजह से बस में खराबी हो गई थी। उसे ठीक कराकर बस को रवाना कराया गया।

- रात में यात्रियों को सड़क पर उतारकर बस को कराया ठीक

## बरेली कॉलेज : पर्ची से नकल करते दो छात्र पकड़े गए

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षाएं हो रही है। शनिवार को महाविद्यालय के प्रॉक्टोरियल बोर्ड व आंतरिक सचल दल ने दो छात्रों को पर्चियों से नकल करते पकड़ा। महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो. इंदीवर सिंह ने बताया कि परीक्षा कक्ष में चेकिंग के दौरान सुबह की पाली में एमए अंग्रेजी के पेपर में एक छात्र गाइड के पन्ने लेकर पहुंचा था, जिसे नकल करते पकड़ा गया। इसी पाली में एक छात्र पर्ची से नकल करते पकड़ा गया। दोनों को यूएफएम किया गया है। वहीं, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार भी पहुंचे।